वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 3398/गोप0/प0परिणाम/22

दिनांकः 06.12.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
(समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय)
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर–222003।
एवं
महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषय :– **परीक्षा वर्ष 2022 के अपूर्ण परीक्षाफलों को पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय पत्रांकः 3065/गोप0/22, दिनांकः 12.09.2022 द्वारा अपूर्ण परीक्षा परिणाम/संशोधन हेतु विज्ञप्ति निर्गत की गयी है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में आपको पुनः अवगत कराना है कि यदि आपके महाविद्यालय का वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर द्वारा आयोजित विभिन्न कक्षाओं में परीक्षा परिणाम किसी कारण से अपूर्ण हैं या घोषित नहीं किया गया है तो ऐसे छात्र/छात्राओं का प्रार्थना पत्र अभिलेखीय साक्ष्यों यथा पी.–06, पी.–07, प्रवेशपत्र आदि सहित विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में विलम्बतम दिनांकः 20.12.2022 तक प्राप्त कराने का कष्ट करें, ताकि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करते हुए परीक्षाफल पूर्ण कर मूल सारणीयन पंजिका का मुद्रण कराया जा सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया **दिनांकः 20.12.2022 तक प्रार्थना पत्र गोपनीय विभाग को उपलब्ध** कराने का कष्ट करें ताकि ससमय मूल सारणीयन पंजिका का मुद्रण कराया जा सके। इस तिथि के पश्चात परीक्षाफल पूर्ण करने के सम्बन्ध में प्राप्त प्रत्यावेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वित्त अधिकारी जी।
2. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी, वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)